राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर

(अस्थाई कार्यालय : महिला छात्रावास भवन, बाबूशोभाराम राजकीय कला महाविद्यालय परिसर, अलवर)
☎ Phone : 0144-2730321, 2730327, 2980046 FAX : 0144-2730321
Website : www.rrbmuniv.ac.in

क्रमांक : रात्रऋभमवि / अल / परीक्षा / 2023 / 141 दिनांक : 09/03/2023

परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के नियम व शर्तें

1. विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय ही परीक्षा केन्द्र के आवेदन के पात्र होंगे।
2. परीक्षा केन्द्र हेतु आवेदन शुल्क 20,000/–रू0 होगा। यह राशि अप्रतिदेय (Non Refundable) है। उक्त राशि दिनांक 16 मार्च 2023 गुरूवार तक डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में जो कि कुलसचिव राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर के नाम देय होगा, जमा करानी होगी।
3. महाविद्यालय में नियमित छात्र–छात्राओं की न्यूनतम संख्या 200 तथा एक पारी में कम से कम 150 छात्र–छात्राओं की परीक्षा कराने की क्षमता होनी चाहिए।
4. महाविद्यालय को जून 2023 में कम से कम तीन अकादमिक सत्र पूरे होने चाहिए।
5. महाविद्यालय में पर्याप्त फर्नीचर एवं स्वयं का भवन होना चाहिए। अद्यतन फोटोग्राफ्स संलग्न करें।
6. केवल प्राचार्य ही परीक्षा सामग्री रखने तथा उपयोग करने हेतु अधिकृत होंगे।
7. स्ट्रांग रूम, अलमारी तथा बक्से डबल लॉक वाले होने चाहिए। अद्यतन फोटोग्राफ्स संलग्न करें।
8. परीक्षा केन्द्र तक पंहुचने का रास्ता सुगम होना चाहिए।
9. महाविद्यालय की चार दिवारी कम से कम 6 फीट ऊंची होनी चाहिए या 6 फीट की तारबंदी होनी चाहिए।
10. महाविद्यालय की परीक्षा की दृष्टि से चारों तरफ से बन्द हो व परीक्षा केन्द्र में एकल प्रवेश व्यवस्था होनी चाहिए।
11. स्ट्रांग रूम, प्रश्न–पत्रों के सीलबन्द पैकेट खोलने का कक्ष, प्राचार्य कक्ष तथा सभी परीक्षा कक्षों में सी.सी.टी.वी. कैमरों की अनिवार्य व्यवस्था हो तथा वे परीक्षा के दौरान संचालित अवस्था में उपलब्ध होने चाहिए।
12. बिजली, पानी एवं शौचालय (छात्र एवं छात्राओं के लिए पृथक–पृथक) की व्यवस्था होनी चाहिए। अद्यतन फोटोग्राफ्स संलग्न करें।
13. महाविद्यालय / केन्द्राधीक्षक के पास 24 घण्टे मोबाइल तथा टेलीफोन संचालित अवस्था में उपलब्ध होना चाहिए।
14. परीक्षा प्रारंभ होने की तिथि से अन्तिम तिथि तक के दौरान चौकीदार 24 घण्टे उपलब्ध होने चाहिए।
15. प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर विश्वविद्यालय नियमानुसार प्रति विद्यार्थी स्थान उपलब्ध होना चाहिए।
16. आन्तरिक उडनदस्ता विश्वविद्यालय नियमानुसार होना चाहिए।
17. परीक्षाएं विश्वविद्यालय के नियमानुसार प्रपत्र 24–ई के अनुसार सपन्न होनी चाहिए।
18. किसी भी महाविद्यालय के नियमित छात्रों के परीक्षा केन्द्र के आवंटन का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय का है।
19. आवेदन पत्र राज ऋषि भर्तृहरि मत्स्य विश्वविद्यालय, अलवर की वेबसाईट www.rrbmuniv.ac.in से डाउनलोड करें।
20. आवेदन पत्र मय दस्तावेज तथा शुल्क पृथक पत्रावली (फाईल) में प्रस्तुत करें।
21. विश्वविद्यालय जरूरत के आधार पर किसी भी सम्बद्ध महाविद्यालय को परीक्षा केन्द्र बना सकता है। परीक्षा केन्द्र को विश्वविद्यालय के निद्रेशों की अनुपालना में सहयोग करना होगा।

परीक्षा नियंत्रक